प्रादेशिक समाचार

दिनांक–16.10.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- झारखंड में दो चरणों में होंगे विधानसभा चुनाव, 13 नवंबर को पहले और 20 नवंबर को दूसरे चरण का होगा मतदान, 23 नवंबर को होगी वोटों की गिनती।
- राज्य में विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही चुनाव आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू, 18 अक्टूबर को जारी होगी पहले चरण की अधिसूचना।
- भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने सीटों के बंटवारे और उम्मीदवारों के नाम तय किये, इंडी गठबंधन के घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग पर मंथन जारी।
- झारखंड उच्च न्यायालय ने रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी की सजा पर लगायी रोक, लड़ सकेंगी विधानसभा चुनाव।
- मौसम विभाग ने 18 अक्टूबर तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में छिटपुट बारिश का जताया अनुमान, 19 अक्टूबर से मौसम होगा साफ, न्यूनतम तापमान में आयेगी गिरावट।

********************

भारत निर्वाचन आयोग ने झारखंड विधानसभा चुनाव– 2024 की तारीखों का ऐलान कर दिया है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि झारखंड में दो चरणों में चुनाव होंगे। पहले चरण में 13 नवबंर को 43 विधानसभा सीटों पर और दूसरे चरण में 20 नवंबर को 38 विधानसभा सीटों पर वोट डाले जायेंगे। वोटों की गिनती 23 नवंबर को होगी।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि झारखंड में 81 विधानसभा क्षेत्रों में वोटिंग के लिए 29 हजार 562 मतदान केंद्र बनाये जायेंगे। सभी मतदान केंद्रों पर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग मतदाताओं के लिए घर से वोट डालने की सुविधा रहेगी। इस बार 2 करोड़ 60 लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने का निर्देश जारी किया गया है।

इधर राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि झारखंड में विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही राज्य में चुनाव आचार संहिता लागू हो गयी है। उन्होंने बताया कि पहले चरण की अधिसूचना 18 अक्टूबर को जारी होगी। 25 अक्टूबर तक नामांकन किया जा सकेगा। वहीं दूसरे चरण की अधिसूचना 22 अक्टूबर को जारी होगी। इस चरण के तहत 29 अक्टूबर तक पर्चा भरा जा सकेगा।

********************

झारखंड विधानसभा चुनाव के तारीखों की घोषणा होने के साथ ही राजनीतिक पार्टियों में राजनीतिक हलचल तेज हो गयी है। एनडीए और इंडी गठबंधन के घटक दलों के बीच सीटों का बंटवारा और उम्मीदवारों के नाम लगभग तय कर लिये गये हैं। भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की नयी दिल्ली में हुई बैठक में पार्टी ने सीटों के बंटवारे और उम्मीदवारों के नाम तय कर लिये हैं जिसकी पहली सूची आज जारी होने की संभावना है।
इधर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा है कि इंडी गठबंधन के घटक दलों के साथ सीट शेयरिंग के मामले पर लगभग सहमति बन गयी है। कुछ सीटों पर मंथन किया जा रहा है। वहीं झामुमो ने सहयोगी दलों से सीट बंटवारे और उम्मीवारों के चयन के लिए पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन और कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को अधिकृत किया है।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

********************

झारखंड हाइकोर्ट ने रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी को दो मामलों में मिली सजा पर रोक लगा दी है। अदालत के इस फैसले के बाद वह झारखंड विधानसभा चुनाव लड़ सकती हैं। गौरतलब है कि रामगढ़ की अदालत ने रामगढ़ में गोलीकांड समेत दो मामलों में पांच और दो साल की उन्हें सजा सुनायी है, जिससे उनकी विधानसभा की सदस्यता समाप्त हो गयी थी। इस सजा के खिलाफ ममता देवी ने झारखंड हाईकोर्ट में अपील दाखिल की थी।

********************

राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के तीन अधिकारियों और भारतीय पुलिस सेवा के एक अधिकारी का तबादला किया है। रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री को स्थानांतरित कर जेएसएलपीएस का मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी बनाया गया है, जबकि इसी पद पर पदस्थापित मृत्युंजय कुमार बरणवाल को मनरेगा आयुक्त बनाया गया है। वहीं वरूण रंजन को रांची का उपायुक्त बनाया गया है। जबकि आइपीएस अधिकारी मनोज स्वर्गियारी को बोकारो का एसपी बनाया है।

********************

विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही गुमला जिला प्रशासन ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से चुनावी पाठशाला का आयोजन शुरू कर दिया है।

********************

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से एक भारत, श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत आयोजित किया जा रहे युवा संगम के पांचवें चरण में आईआईटी आईएसएम धनबाद और आईआईटी रुड़की की ओर से एजुकेशन एक्सचेंज प्रोग्राम चलाया जा रहा है। धनबाद से छात्रों को भ्रमण के लिए रुड़की और उत्तराखंड के पर्यटन स्थल तथा रुड़की से झारखंड के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर ले जाया जायेगा।

********************

मौसम विभाग ने 18 अक्टूबर तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में छिटपुट बारिश का अनुमान जताया है। विभाग के अनुसार 19 अक्टूबर से मौसम पूरी तरह साफ होगा। इसके बाद न्यूनतम तापमान में कमी आनी शुरू हो जायेगी जिससे लोगों को ठंड का एहसास होगा।

********************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी अखबारों ने झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसके अलावा...

दैनिक भास्कर ने ममता देवी की सजा पर हाईकोर्ट से रोक लगाये जाने की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।

हिन्दुस्तान ने झारखंड विधानसभा चुनाव पर लिखा है– संताल और कोल्हान तय करेंगे सत्ता का रास्ता।

प्रभात खबर ने बालू घाटों पर एनजीटी की रोक हटने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण ने आदर्श आचार संहिता में जेट परीक्षा समेत कई नियुक्तियों के फंसने की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।

अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और द टाइम्स ऑफ इंडिया ने झारखंड में चुनावी जंग शुरू होने की खबर को पहली सुर्खी बनायी है।

******************